दिन– बुधवार दिनांक– 04 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. विश्व बैंक ने कहा – वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में विकास दर सात प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान।

02. राजद एमएलसी रामबली सिंह को अयोग्य ठहराये जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने बिहार विधान परिषद से जवाब मांगा।

03. सीवान जिले के महाराजगंज में पदस्थापित भूमि उप–समाहर्ता राम रंजन सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में निगरानी विभाग ने गिरफ्तार किया।

04. और, पेरिस पैरालिंपिक में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी। पदकों की कुल संख्या बढ़कर बीस हुई।

---

विश्व बैंक ने कहा है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का मध्यम अवधि दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। वित्तीय वर्ष– दो हजार चौबीस–पच्चीस में विकास दर सात प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने कहा है कि सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण के अनुरूप, मंत्रालय इस साल के अंत तक या अगले साल जनवरी तक देश के सभी पैक्स की डिजिटलीकरण प्रक्रिया को पूरा कर लेगा। श्री भूटानी नई दिल्ली में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों–पैक्स को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित व्यापक हितधारक परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय की योजना अगले पांच वर्षों के भीतर डेयरी और मत्स्य पालन सहकारी समितियों के रूप में दो लाख नए पैक्स विकसित करना और प्रत्येक पंचायत में व्यवहारिक सहकारी समितियां स्थापित करने की है।

---

उच्चतम न्यायालय ने राजद नेता रामबली सिंह को विधान पार्षद के रूप में अयोग्य ठहराये जाने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए बिहार विधान परिषद से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईया की पीठ ने इस मामले में विधान परिषद के सचिव को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई पच्चीस अक्टूबर को होगी।

---

राज्य सरकार ने चार विभागों के सचिवों का तबादला और कुछ के विभागों में फेर–बदल किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर को वित्त विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह को नगर विकास और आवास विभाग का सचिव बनाया गया है। श्री सिंह सूचना और प्रावैद्यिकी विभाग के सचिव के साथ–साथ बेल्ट्रॉन और पटना मेट्रो के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। वहीं, वित्त विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह को ग्रामीण विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। दीपक आनंद को श्रम संसाधन विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि नॉर्थ बिहार पावर ड्रिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के महानिदेशक निलेश कामचंद्र देवरे को मंत्रिमंडल सचिवालय के विशेष सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

---

तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नई मतदाता सूची में नाम शामिल किये जाने के लिए कुल पांच हजार दो सौ तेरह आवेदकों ने आवेदन दिया है। कल नाम सम्मिलित करवाने के आखिरी दिन दो सौ अठारह आवेदकों ने आवेदन पत्र जमा कराया।

---

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान जारी है। इस अभियान के तहत राज्य में एक करोड़ चौवन लाख से अधिक सदस्य बनाये जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश के सभी प्रमंडलों में आज से इस अभियान की शुरूआत होगी। वहीं, कल से जिला स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा विधान मंडल दल की बैठक में पार्टी विधायकों को विधानसभा क्षेत्र में

न्यूनतम पचास हजार या पिछले विधानसभा चुनाव में प्राप्त वोटों के आधार पर सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

---

निगरानी विभाग की विशेष टीम ने सीवान जिले के महाराजगंज में पदस्थापित भूमि उप–समाहर्ता राम रंजन सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पच्चीस हजार रूपये नकद और कुछ महत्वपूर्ण कागजात बरामद किये गये हैं। इधर, पटना के बख्तियारपुर स्थित सालिमपुर में पुलिस ने एक महिला को लगभग दस लाख रूपये के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला के पास से कई संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं।

---

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय उन्नीस से बाईस सितम्बर तक मेगा फूड इवेंट आयोजित करेगा। इवेंट की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कल केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नई दिल्ली में भारत मंडपम का दौरा किया। श्री पासवान ने प्रदर्शनी हॉल, सम्मेलन क्षेत्र और कार्यक्रम के दौरान उपयोग की जाने वाली अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों और आयोजकों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और गुणवत्ता और दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया।

---

पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने कल पांच पदक जीते, इसके साथ ही पदकों की कुल संख्या बीस हो गई है। भारत का पैरालिंपिक के इतिहास में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले देश ने टोक्यो पैरालिपिंक में उन्नीस पदक जीते थे। सातवें दिन, भारतीय दल आज कई प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेगा। एक रिपोर्ट........

–––रिपोर्ट–––

इधर, बिहार के शैलेश कुमार पदक जीतने से चुक गए हैं। पुरुषों की ऊंची कूद – टी–सिक्सटी थ्री में वे चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने एक दशमलव आठ–पांच मीटर की ऊंची कूद के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू  और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक में पदक विजेताओं को बधाई दी।

---

शिक्षक दिवस के अवसर पर इस वर्ष राज्य के इकतालीस शिक्षकों को राज्य सकरार शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेगी। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इनमें ग्यारह महिला शिक्षक शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों को पंद्रह हजार रूपये नकद और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सर्वाधित तीन शिक्षक औरंगाबाद जिले के हैं। वहीं, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सीवान, सुपौल, पूर्णियां, भागलपुर और रोहतास जिले के दो–दो शिक्षक हैं। यह समारोह पांच सितम्बर को पटना के श्रीकृष्ण  मेमोरियल हॉल में आयोजित की जाएगा। इधर, राज्य के दो शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है। कैमूर जिले के सिकेन्द्र कुमार सुमन और मधुबनी जिले की डॉ मीनाक्षी कुमारी को कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

---

सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की छह सितम्बर को होने वाली कांउसिलिंग अब तेरह सितम्बर को होगी। प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने बताया कि छह सितम्बर को तीज पर्व होने के कारण तिथि में बदलाव किया गया है। गौरतलब है कि राज्य में एक लाख पचासी हजार सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों की कांउसिलिंग एक अगस्त से जारी है। इसके तहत अब तक एक लाख चालीस हजार से अधिक शिक्षकों की कांउसिलिंग हो चुकी है।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां कमजोर रही हैं। इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैशाली के भगवानपुर में सबसे अधिक पच्चीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि सीतामढ़ी जिले में कल शाम हुई भारी बारिश के चलते आज होने वाली सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा की नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

---

पटना, औरंगाबाद, नवादा और शेखपुरा समेत इक्कीस जिलों में सुखाड़ की स्थिति देखी जा रही है। इन जिलों में औसत से उनसठ प्रतिशत कम बारिश हुई

जबकि चौदह जिलों में स्थिति सामान्य रही है। मात्र तीन जिले पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज और सीवान में सूखे का असर नहीं है। इन तीनों जिलों में सामान्य से साठ प्रतिशत अधिक तक बारिश हुई है। कृषि विभाग की ओर से राज्य में सुखाड़ के परिस्थितियों के विश्लेषण करने के दौरान ये तथ्य सामने आये हैं।

---

दानापुर रेल मंडल के अशोक धाम स्टेशन पर हो रहे तकनीकी कार्य के मद्देनजर कई ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार जसीडीह–पटना एक्सप्रेस अप तथा डाउन का परिचालन सात सितम्बर को रद्द रहेगा। वहीं, किउल–गया पैसेंजर अप और डाउन का परिचालन पांच, सात और नौ सितम्बर को रद्द रहेगा। पटना–किउल फास्ट पैसेंजर ट्रेन का आंशिक समापन सात और नौ सितम्बर को मोकामा में होगा।

---

खगड़िया की स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में एक अपराधी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इधर, अररिया की एक विशेष अदालत ने स्पीडी ट्रायल के दौरान हत्या के एक आरोपी को पांच वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

---

मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के कौड़ा मैदान के पास छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर अपराधियों ने गोलीबारी की। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

खेल विभाग की ओर से आज से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अररिया में छह सितम्बर तक, जबकि अरवल में सात सितम्बर तक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। प्रतियोगिता के तहत एथेलेटिक्स, कबड्डी, बॉलीबॉल, बूशु, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, योगा, कुश्ती और शतरंज सहित कई स्पर्धाओं के विभिन्न वर्गों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – पटना के पांच समेत ग्यारह नए अंचलों में ऑनलाइन रजिस्ट्री। निबंधन विभाग ने जिलों को जारी किया आदेश। **दैनिक भास्कर** ने रेलवे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – नौकरी की बहार... रेलवे में एनटीपीसी की ग्यारह हजार पांच सौ अंठावन पदों पर होगी भर्ती। चौदह सितम्बर से ऑनलाइन आवेदन। **दैनिक जागरण** की सुर्खी है – विश्वविद्यालय की डिग्री में क्यूआर से रूकेगा फर्जीवाड़ा। **प्रभात खबर** ने शराब बंदी की खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुए लिखा है – जुर्माना देकर छूटे, पर दामन पर दाग लगा बैठे। चार लाख नब्बे हजार शराबी। **आज अखबार** लिखता है – भाजपा विधानमंडल की बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन। संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर। **राष्ट्रीय सहारा** ने हरितालिका तीज की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – हस्त नक्षत्र और शुक्ल योग में छह को मनाई जाएगी हरितालिका तीज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. विश्व बैंक ने कहा – वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में विकास दर सात प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान।

02. राजद एमएलसी रामबली सिंह को अयोग्य ठहराये जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने बिहार विधान परिषद से जवाब मांगा।

03. सीवान जिले के महाराजगंज में पदस्थापित भूमि उप–समाहर्ता राम रंजन सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में निगरानी विभाग ने गिरफ्तार किया।

04. और, पेरिस पैरालिंपिक में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी। पदकों की कुल संख्या बढ़कर बीस हुई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।